भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 1137

16 दिसंबर, 2022 को उत्तरार्थ

विषय: अधिक बीज परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना

1137. **श्री एस. निरंजन रेडडी:**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या भारत में अंतर्राष्ट्रीय बीज परीक्षण संघ (आईएसटीए) द्वारा मान्यता प्राप्त केवल छह प्रयोगशालाएं हैं, यदि हां, तो सरकार द्वारा भारत की बीज परीक्षण प्रयोगशालाओं (एसटीएल) का परिष्कार और सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ताकि आईएसटीए मान्यता सुनिश्चित की जा सके, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का आईएसटीए द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं के आधार पर और बीज परीक्षण प्रयोगशालाएं विकसित करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान बीज परीक्षण प्रयोगशालाओं में सुधार करने और सुविधाओं को बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) और (ख): जी नहीं। अंतरराष्ट्रीय बीज परीक्षण संघ (आईएसटीए) द्वारा मान्यता प्राप्त आठ प्रयोगशालाएं हैं, जिनमें से दो सार्वजनिक क्षेत्र में हैं। आईएसटीए मान्यता को बढ़ावा दिए जाने के लिए, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय राज्यों और अन्य कार्यान्वयन एजेंसियों को सदस्यता शुल्क के लिए 5.00 लाख रूपये और तकनीकी लेखा परीक्षा के लिए प्रति प्रयोगशाला 10.00 लाख रूपये की दर से सहायता अनुदान प्रदान करता है। इसके अलावा, बीज और रोपण सामग्री (एसएमएसपी) उप-मिशन के तहत अधिसूचित बीज परीक्षण प्रयोगशाला (एसटीएल) के उपकरणों की खरीद के लिए 60.00 लाख रूपये और नवीनीकरण के लिए 20.00 लाख रूपये की दर से सहायता अनुदान भी उपलब्ध/प्रदान (एक बार) किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत बीज परीक्षण प्रयोगशालाओं सहित बीज अवसंरचना सुविधाओं के लिए राज्यों/कार्यान्वयन एजेंसियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध/प्रदान की जाती है।

(ग): एसएमएसपी के परिचालन दिशानिर्देशों के अनुसार प्राप्त मांग/प्रस्तावों के आधार पर, राज्यों, राज्य बीज निगमों (एसएससी), राज्य बीज प्रमाणन एजेंसियों (एसएससीए), राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) संस्थानों आदि के अधिसूचित एसटीएल के सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। एसएमएसपी के तहत विगत 3 वर्षों के दौरान एसटीएल के सुदृढ़ीकरण के लिंए जारी की गई धनराशि निम्नानुसार है:

क्र.सं.	वर्ष	एसटीएल के लिए जारी राशि (रूपये लाख में)
1.	2019-20	399.52
2.	2020-21	143.00
3.	2021-22	514.08

****